आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

वर्ष- 15 अंक 302 ● कटनी ● गुरुवार, 9 दिसम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-6 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in



वो आखिरी शब्द,

## मैं बिपिन रावत... और फिर टूट गईं सासें

**नईदिल्ली।** तमिलनाडु के कुन्नूर के नीलगिरी के जंगलों में भारतीय वायुसेना के हेलिकॉप्टर क्रैश के बाद का मंजर काफी दर्दनाक था। दुर्घटना की खबर मिलते ही बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचा था। हेलिकॉप्टर के मलबे से बचावकर्मियों ने दो लोगों को जिंदा निकाला था। इसमें एक सीडीएस जनरल बिपिन रावत भी थे। जब बचाव दल के सदस्य जनरल रावत को बाहर निकाल रहे थे तो उन्होंने धीरे से अपना नाम बताया था। हेलीकॉप्टर दुर्घटना में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका और सशस्त्र बलों के 11 अन्य अधिकारियों की मृत्यु हो गई। दुर्घटना में जान गंवाने वालों में सीडीएस के सैन्य सलाहकार ब्रिगेडियर एलएस लिद्दर और स्टाफ ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल हरजिंदर सिंह शामिल हैं। हेलीकॉप्टर दुर्घटना में जान गंवाने वाले के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत क्रैश के बाद भी जिंदा थे। दुर्घटना स्थल पर पहुंचे बचाव दल के सदस्य एनसी मुरली ने बताया कि हमने दो लोगों को जिंदा बचाया था। जिनमें जनरल रावत भी थे। उन्होंने बताया कि सीडीएस ने हिंदी में धीमे स्वर में अपना नाम बोला था। मैं जनरल बिपिन... बचावकर्मी तुरंत उन्हें अस्पताल लेकर भागे। लेकिन शरीर के निचले हिस्से में गहरे जख्म के कारण देश का यह वीर सपूत सदा के लिए सो गया। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और रक्षा मंत्री के साथ देश के शीर्ष राजनेताओं तथा पूर्व सैन्य अधिकारियों ने जनरल रावत की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि जनरल रावत के शरीर के निचला हिस्सा बुरी तरह जल गया था और काफी जख्म थे। उन्हें बेडशीट में लपेटकर हम एंबुलेंस में ले गए। हालांकि अस्पताल ले जाते वक्त उनकी मौत हो गई। घटनास्थल का दौरा करने वाले नीलगिरी में स्वास्थ्य सेवा के संयुक्त निदेशक (Joint Director of Health) डॉ. एस पलनीसामी ने बताया कि ज्यादातर शव मलबे में दबे हुए थे। आग पर काबू पाना मुश्किल था। ग्रुप कैप्टन जनरल रावत के साथ जिस दूसरे व्यक्ति को निकाला गया वह ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह थे ग्रुप कैप्टन हादसे में जिंदा बचे एकमात्र व्यक्ति है। उनका अभी इलाज चल रहा है।

### आईएमए में होने वाली कमांडेट परेड रद्द

आईएमए, देहरादून ने आज होने वाली कमांडेंट की परेड (अंतिम पासिंग आउट परेड से पहले अंतिम पूर्वाभ्यास परेड) को रद्द कर दिया है। आईएमए पीआरओ कर्नल हिमानी पंत ने बताया कि पासिंग आउट परेड आयोजित करने के संबंध में निर्णय सेना मुख्यालय से निर्देश प्राप्त करने के बाद लिया जाएगा।

### स्थानीय लोग सबसे पहले पहुंचे

घटना के एक चश्मदीद कृष्णास्वामी ने कहा- मैं अपने घर में था। तभी एक तेज आवाज सुनाई दी। बाहर आकर देखा तो एक हेलिकॉप्टर क्रैश हुआ था। यह एक के बाद एक दो पेड़ों से टकराया। इसके बाद उसमें आग लग गई। मैंने दो या तीन लोगों को हेलिकॉप्टर से निकलते भी देखा, इनके शरीर में आग लगी हुई थी। मैंने उस इलाके में रहने वाले लोगों को बुलाया।

## हेलीकॉप्टर क्रेश के बाद जिंदा थे सीएसडी बिपिन रावत

# महज 20 मिनट की उड़ान, फिर क्रूर हादसा







**नईदिल्ली।** तमिलनाडु के कुन्नूर में हेलिकॉप्टर क्रैश में सीडीएस जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी समेत 13 लोगों की मौत के मामले में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा और राज्यसभा में जानकारी दी। यह पहला मौका है, जब सरकार की ओर से इस घटना के बारे में कोई जानकारी सार्वजनिक तौर पर दी गई है। राजनाथ सिंह ने बताया कि इस घटना को लेकर जांच के आदेश दे दिए गए हैं और सीडीएस के साथ ही सभी जवानों का अंतिम संस्कार पूरे मिलिट्री सम्मान के साथ किया जाएगा।

### एयर मार्शल मानवेंद्र की अगुवाई में होगी जांच

सदन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि चॉपर में सवार 14 में 13 लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे बचाव दलों ने बाकी 13 को भी बचाने की हर संभव कोशिश की। उन्होंने बताया कि घटना के बाद घायलों को वेलिंगटन अस्पताल ले जाया गया था। घटना में अकेले बचे ग्रुप कैप्टन वरुण फिलहाल लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं। राजनाथ सिंह ने बताया कि भारतीय वायुसेना ने इस क्रैश के बाद ट्राई-सर्विस इनक्वॉयरी के आदेश दिए हैं। यह जांच एयर मार्शल मानवेंद्र सिंह की अगुवाई में होगी।

### 20 मिनट बाद ही टूटा हेलीकॉप्टर का संपर्क

राजनाथ सिंह ने बताया कि जनरल बिपिन रावत अपने एक पूर्वनिर्धारित समारोह में शामिल होने जा रहे थे। सुबह 11ः48 पर सुलूर से उड़ान भरी। इसे 12ः15 पर वेलिंगटन में लैंड करना था, लेकिन 12ः08 मिनट पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क टूट गया। इस दौरान लोगों ने आवाज सुनी तो मौके पर पहुंचे और तुरंत ही रेस्क्यू शुरू किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हेलिकॉप्टर में सवार 14 में से 13 लोगों की मृत्यु हो गई। इनमें सीडीएस बिपिन रावत एवं उनकी पत्नी मधुलिका रावत भी शामिल थीं। जनरल बिपिन रावत वेलिंगटन के डिफेंस कॉलेज के छात्रों से बातचीत के लिए अपने एक शेड्यूल्ड कार्यक्रम पर थे।
पाएगी।



### राजनाथ सिंह ने संसद में दी हेलिकॉप्टर क्रैश की पूरी जानकारी

### मद्रास रेजिमेंटल सेंटर लाए गए सैनिकों के पार्थिव शरीर

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी मधुलिका का अंतिम संस्कार शुक्रवार को होगा। रावत, मधुलिका और हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोगों के शव मद्रास रेजीमेंट सेंटर लाए गए हैं। यहां से रावत और मधुलिका की पार्थिव देह गुरुवार शाम दिल्ली लाई जाएगी। संसद में राजनाथ सिंह ने कहा कि हादसे में बचे अकेले शख्स ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह वेलिंगटन अस्पताल में भर्ती किया गया है। उनकी जान बचाने की कोशिशें जारी हैं। शुक्रवार को लोग स्व् रावत के दिल्ली स्थित घर पर उनके अंतिम दर्शन कर रहे है। इसके बाद कामराज मार्ग से बरार चौराहे शवयात्रा निकाली जाएगी। दिल्ली कैन्टोन्मेंट में अंतिम संस्कार होगा। ब्लैक बॉक्स मिला, हादसे की वजह सामने आएगी फॉरेंसिक साइंस डिपार्टमेंट की टीम क्रैश साइट पर पहुंची। टीम को डिपार्टमेंट के डायरेक्टर श्रीनिवासन लीड कर रहे हैं।

### हेलिकॉप्टर में सवार थे 14 लोग

तमिलनाडु के कुन्नूर में बुधवार दोपहर करीब 12 बजकर 20 मिनट पर छ्वष्ठस् रावत का हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था। उसमें जनरल रावत की पत्नी मधुलिका रावत समेत सेना के 14 लोग सवार थे। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है।बुधवार दोपहर तक ये खबर आती रही कि हादसे में घायल हुए कुछ लोगों को गंभीर हालत में वेलिंगटन के मिलिट्री अस्पताल ले जाया गया। जहां से करीब साढ़े पांच घंटे तक खबर आती रही कि जनरल रावत और उनकी पत्नी समेत कुछ अफसर बुरी तरह घायल हुए हैं, लेकिन फिर बारी-बारी से मौत की खबर आने लगी।

### दुर्घटना में इनकी मौत

हादसे का शिकार हुए Mi-17 Vz हेलिकॉप्टर में जनरल रावत, उनकी पत्नी के अलावा 12 लोग और थे। चॉपर में ब्रिगेडियर एलएस लिद्दर, लेफ्टिनेंट कर्नल हरजिंदर सिंह, विंग कमांडर पीएस चौहान, स्क्वॉड्रन लीडर के सिंह, नायक गुरसेवक सिंह, नायक जितेंद्र कुमार, लांस नायक विवेक कुमार, लांस नायक बी. साई तेजा, जूनियर वारंट ऑफिसर दास, जूनियर वारंट ऑफिसर ए प्रदीप और हवलदार सतपाल सवार थे। इन सभी की मौत हो गई।हेलिकॉप्टर क्रैश में जान गंवाने वाले लेफ्टिनेंट कर्नल हरजिंदर सिंह, लांस नायक विवेक कुमार, लांस नायक बी. साई तेजा, हवलदार सतपाल से जुड़ी अन्य जानकारी फिलहाल नहीं मिली है। मिलते ही अपडेट की जाएगी।



### जान गंवाने वालों में कोई अपने माता-पिता का अकेला बेटा, किसी की मां को अब तक नहीं दी गई खबर

तमिलनाडु के कुन्नूर में बुधवार को हुए हेलिकॉप्टर क्रैश में देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत नहीं रहे। उनके साथ पत्नी मधुलिका के अलावा सेना के 13 जवान और अधिकारी सवार थे। हादसे में मरने वालों में ब्रिगेडियर एलएस लिद्दर, लेफ्टिनेंट कर्नल हरजिंदर सिंह, विंग कमांडर पीएस चौहान, स्क्वॉड्रन लीडर के सिंह, नायक गुरसेवक सिंह, नायक जितेंद्र कुमार, लांस नायक विवेक कुमार, लांस नायक बी. साई तेजा, जूनियर वारंट ऑफिसर दास, जूनियर वारंट ऑफिसर ए प्रदीप और हवलदार सतपाल सवार थे। जवान जितेंद्र कुमार मध्यप्रदेश के सीहोर के धामंदा गांव के रहने वाले थे। वह 2011 में सेना में भर्ती हुए थे। उनकी मां बीमार हैं, इसलिए उन्हें बेटे के शहीद होने की सूचना अब तक नहीं दी गइ है। पृथ्वी सिंह चौहान आगरा के रहने वाले थे। 2000 में उनकी वायुसेना में ज्वाइनिंग हुई थी। वर्तमान में वो कोयंबटूर के पास एयरफोर्स स्टेशन पर तैनात थे। वे अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे। उनकी तीन बड़ी बहनें थीं।

**फटाफट खबरें**

### बैतूल में महिला ने दिया तीन बेटियों को जन्म

**बैतूल।** भैंसदेही तहसील के ग्राम माजरवानी की महिला ने गुरुवार अलसुबह तीन बेटियों को जन्म दिया। स्वास्थ्यकर्मियों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रसूता और उसकी तीनों नवजात शिशु पूरी तरह स्वस्थ हैं। 108 एम्बुलेंस के योगेश पवार ने बताया कि जननी एक्सप्रेस की हड़ताल चल रही है। गुरुवार सुबह 108 एम्बुलेंस को काल आने पर माजरवानी भेजा गया। ग्राम की रुक्मीबाई पति सीताराम को प्रसव पीडा होने के कारण भैंसदेही अस्पताल लाया गया। जांच के बाद महिला के गर्भ में एक से अधिक बच्चे होने के कारण सुरक्षित प्रसव के लिए उसे सुबह पांच बजे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही रुक्मी बाई ने झल्लार गांव के पास एक बच्ची को जन्म दे दिया। इसके बाद ताप्ती घाट पहुंचने पर एक और बच्ची का जन्म हो गया। 108 एंबुलेंस के पैरामेडिकल स्टाफ दुर्गेश गिर और विनोद बंजारे की मदद से रास्ते में ही प्रसव कराया गया। इसके बाद रुक्मी बाई को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर एक और बच्ची ने जन्म लिया।

ईगल बैटरी
डीलर-एक्साइड बैटरी
सभी गाड़ियों की बैटरी
EXIDE MICROTEK TECHNOLOGY WE LIVE
पत्रकार भवन के सामने, बल्देवबाग
जबलपुर, फोन-9826115492, 9200792000

### पंचायत चुनाव पर हाईकोर्ट ने रोक लगाने से किया इंकार




**जबलपुर यशभारत।** मध्य प्रदेश में पंचायत चुनाव का ऐलान हो गया है, लेकिन चुनावों को लेकर घमासान जारी है। इसी के तहत मप्र हाईकोर्ट ने पंचायत चुनाव को लेकर रोक लगाने से इंकार कर दिया है। पंचायत चुनाव पर रोक लगाने के लिए दायर की याचिका में तकज़ दिया गया है कि पहले से ही पंचायत चुनाव से जुड़ी हुई एक दर्जन से अधिक याचिकाएं विचाराधीन हैं, ऐसे में मध्य प्रदेश सरकार ने चुनाव आयोग के साथ मिलकर तारीखों का जो ऐलान किया है उसके चलते तमाम तैयारी कर रहे लोग जो आरक्षण को लेकर होने वाली रोटेशन पर क्रिया के चलते इंतजार में थे उनके साथ अन्याय हो रहा है।

## कप्तानी से हटे नहीं, हटाए गए कोहली

नई दिल्ली। BCCI ने विराट कोहली को 48 घंटे का अल्टीमेटम देकर, उनके न चाहते हुए भी, कप्तानी से हटा दिया। उन्होंने इस्तीफा भी नहीं दिया था। उनकी जगह रोहित को वनडे की कमान सौंपी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से यह दावा किया जा रहा है। कोहली 2023 में भारत में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में कप्तानी की इच्छा पाले हुए थे।
कोहली ने स्वेच्छा से छोड़ी थी टी-20 की कप्तानी
कोहली ने स्वेच्छा से टी-20 की कप्तानी छो ?ी थी। ?क्चष्टष्ठ्व वनडे फॉर्मेट के लिए भी उनसे यही उम्मीद कर रहा था। कोहली की कप्तानी में भारतीय टीम का रिकॉर्ड बेहतरीन रहा है। टीम ने 95 वनडे मैच खेले, जिसमें से 65 जीते और 27 हारे। तीन टाई रहे या नतीजा नहीं निकल सका। टीम का जीत का प्रतिशत 68 रहा। हालांकि, वे टीम को कोई ढ्ढष्टष्ट ट्रॉफी दिलाने में नाकाम रहे। रोहित शर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 घरेलू सीरीज में कप्तानी कर चुके हैं। भारत ने यह सीरीज 3-0 से जीती थी। यह सीरीज राहुल द्रविड़ के लिए भी बतौर कोच पहली सीरीज थी। 2017 के बाद पहली बार टीम इंडिया में दो कप्तान होंगे। इससे पहले 2014 से 2017 तक भारतीय टीम में दो कप्तान थे। धोनी ने 2014 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और विराट कोहली टीम के नए कप्तान बने थे। धोनी शॉर्चर फॉर्मेट में बतौर कप्तान खेल रहे थे। इसके बाद कोहली ने 2017 से तीनों फॉर्मेट में भारत की कप्तानी की है।



### शोपियां में 3 आतंकी ढेर, लोगों ने सेना पर पत्थर बरसाए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां में एनकाउंटर के बाद सुरक्षाबलों पर पत्थरबाजी का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में नजर आ रहा है कि एक पुलिस वैन में कुछ सुरक्षाकर्मी सवार हैं। उनके हाथ में रायफल है। स्थानीय लोग सुरक्षाबलों पर पत्थरबाजी कर रहे हैं। कुछ जवान दौड़ते हुए नजर आ रहे हैं तो कुछ वैन की आड़ में पत्थरबाजी से बचने की कोशिश कर रहे हैं।इस घटना के बीच एक सुरक्षाकर्मी रायफल ऊपर उठाकर हवा में फायरिंग करता भी नजर आ रहा है। यह सुरक्षाकर्मी एक बार वीडियो बनाने वाले शख्स की तरफ निशाना लगाने का इशारा करता है, हालांकि वह फायर नहीं करता है।

**म्यांमार में तानाशाही चरम पर**

### सैनिकों ने पांच बच्चों समेत 11 ग्रामीणों को उतारा मौत के घाट, फिर जिंदा जला दिया

**म्यांमार ।** लोकतंत्र समर्थकों को बंदूक के बल पर कुचल रही म्यांमार की सेना की तानाशाही बढ़ती ही जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार इस बार म्यांमार की सेना ने ग्रामीणों पर कहर बरपाया है। बताया जा रहा है कि म्यांमार की सेना ने 11 ग्रामीणों की गोली मारकर हत्या कर दी है और सबूत को मिटाने के लिए शव को आग के हवाले कर दिया। म्यांमार के उत्तर-पश्चिम के सगाइंग क्षेत्र के डॉन ताव गांव में जले हुए शवों की तस्वीरें और एक वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर फैल जाने के बाद घटना की जानकारी सामने आई। इस वीडियो फुटेज को पुरुषों को गोली मारने और जलाने के कुछ ही समय बाद लिया गया था, वहीं कुछ पीड़ित कथित तौर पर उस समय भी जीवित थे जब वीडियो बनाया जा रहा था। एक फरवरी के तख्तापलट के बाद से इस क्षेत्र में सैन्य शासन के विरोधियों द्वारा स्थापित जुंटा की सेना और मिलिशिया के बीच भयंकर लड़ाई देखी गई है।

**विक्की-कटरीना की शादी आज**

### फोर्ट के अंदर विंटेज कार से बारात लेकर जाएंगे विक्की घोड़ी से तोरण मारेंगे और मंडप पहुंचेंगे

**सवाई माधोपुर।** आज कटरीना कैफ और विक्की कौशल की शादी होगी। शादी के लिए गाजीपुर से 15 टन फूल फोर्ट पहुंच चुके हैं। फोर्ट के अंदर और मंडप में सजावट चल रही है। अभी पूजा का कार्यक्रम शुरू हो चुका है। लगभग 12 बजे फोर्ट के अंदर बारात एंट्री लेगी। सारे बाराती साफा और शेरवानी पहने हुए राजपूताना अंदाज में होंगे। विंटेज कार में बैठकर विक्की फोर्ट के अंदर बारात लेकर कटरीना के घर वालों के पास पहुंचेंगे। जहां बरात के स्वागत के लिए गुलाब के फूलों की वर्षा साथ ही बारात का ग्रैंड वेलकम होगा। विक्की घोड़ी पर बैठकर तोरण मारेंगे। इसके बाद दूल्हा घोड़ी से शादी के मंडप पर पहुंचेगा। मंडप को शाही अंदाज में डेकोरेट किया गया है।
फोर्ट सिक्स सेंसेस फोर्ट के मर्दाना महल के सामने ओपन गार्डन में विक्की-कटरीना सात फेरे लेंगे। यहां पर उनके लिए मंडप सजाया गया है। रात को रिसेप्शन पूलसाइड में होगा और आफ्टर पार्टी का कार्यक्रम बॉलरूम में किया गया है। बुधवार को सुबह 11 बजे विक्की-कटरीना की हल्दी सेरेमनी हुई। हल्दी सेरेमनी के लिए दोनों ने पीले कपड़े पहने थे। इसके बाद होटल में दिन भर कोई हलचल नहीं रही। मेहमानों का आना-जाना भी ज्यादा नहीं हुआ। शाम 7 बजे होटल सिक्स सेंसेस में फिर शादी का सेलिब्रेशन संगीत के साथ शुरू हुआ। पूरे फोर्ट को रोशनी से सजाया गया।



### नो बॉल पर बवाल- ब्रिस्बेन टेस्ट में बेन स्टोक्स ने फेंकी 14 नो बॉल

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच ब्रिस्बेन के गाबा पर खेले जा रहे टेस्ट मैच के दूसरे दिन विवाद तब शुरू हुआ जब बेन स्टोक्स को सुबह के सत्र में 14 नो-बॉल फेंकते हुए नहीं देखा गया। यह घटना तब सामने आई जब पारी के 13वें ओवर में स्टोक्स ने वार्नर को नो बॉल पर आउट कर दिया। यह गेंद वार्नर के पैड से टकराने क बाद स्टंप्स पर चली गई, लेकिन फिर भी स्टोक्स ने ज्यादा उत्साह नहीं दिखाया। वह शायद इस बात से वाकिफ थे कि उन्होंने ओवरस्टेप किया था। इसके बाद वार्नर को इंतजार करने के लिए कहा गया और बाद में पता चला कि स्टोक्स गेंद रिलीज करते वक्त पॉपिंग क्रीज से बाहर चलते गए थे। मैच का प्रसारण कर रहे चैनल 7 ने दिखाया। स्टोक्स ने पिछली तीन गेंदें भी नो डाली थीं। इसे तीसरे अंपायर की बड़ी गलती माना जा रहा है। जब मीडिया में इस बात पर चर्चा हुई तो पता चला कि बेन स्टोक्स ने कुल 14 नो-बॉल फेंकी थीं। इस दौरान उनकी दो गेंदों को नो बॉल दिया गया जिससे सभी हैरान रह गए।





कटनी, जबलपुर, मंडला, भोपाल, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

# जनरल बिपिन के निधन पर शहर में शोक

## कई लोगों ने बदले व्हाट्सअब तथा फेसबुक स्टेटस



**कटनी।** देश के जांबाज जनरल बिपिन रावत की हेलिकॉप्टर क्रैश दुर्घटना में अचानक हुई मृत्यु से शहडोल शहर के लोग गमगीन हैं। शहडोल के रहने वाले सभी लोगों के वाट्सएप स्टेटस पर जनरल बिपिन रावत की फोटो लगी है। सभी अपनी-अपनी तरह से इस देशभक्त को अपनी ओर से श्रद्धांजलि दे रहे हैं। किसी ने जनरल की धर्मपत्नी के साथ वाली फोटो को स्टेटस में लगाया है तो किसी ने सेना की वर्दी वाली फोटो स्टेटस में डाली है। जब से यह घटना हुई उसी वक्त से कटनी जिले मैं सिर्फ बिपिन रावत की ही चर्चा हो रही है। घर-घर में लोग इन के किस्से सुना रहे हैं और इंटरनेट मीडिया पर चल रही खबरें और टीवी पर समाचार देखकर लोग इनके बारे में जानने को उत्सुक हैं। हर कोई इंटरनेट मीडिया से जानकारी ले रहा है। कई लोग तो ऐसे हैं जिन्होंने पहली बार यह जाना है कि जनरल बिपिन रावत प्रदेश के दामाद तथा कटनी के लगे शहडोल में ससुराल थी तब लोग और भी दुखी हो गये। शायद ही कोई ऐसा शख्स है जिसके वाट्सएप स्टेटस पर जनरल बिपिन रावत की फोटो आज नजर ना आ रही हो। इनकी याद लोग अपनी अपनी तरह से कर रहे हैं ।

## शाम से बढ़ी ठंड, रात होगी सर्द

# मौसम की करवट, आसमान पर बादलों से दिन भर ठिठुरे लोग

## अगले 24 घंटे भी मौसम का यही रहेगा हाल, बादलों की ओट से सूर्य के दर्शन



**कटनी।** सुबह सुबह नींद खुली तो आसमान पर छाए बादलों से सामना हुआ। धूप की आस में लोगों ने देर तक इंतजार जरूर किया लेकिन घने बादलों के आगे उनका इंतजार व्यर्थ निकला दोपहर तक कटनी में पश्चिम विक्षोभ के असर से मौसम का मिजाज बिगड़ा गया। सुबह से ही आसमान पर बादल छाए हैं। कटनी जिले में बारिश तो नहीं हुई लेकिन गुरुवार को सुबह से ही बादल छाए हैं।और दोपहर तक सूरज भी बादलों की ओट से भी झांकता नहीं दिखा। आसमान पर बादलों के डेरे के कारण ठंड का अहसास थोड़ा कम था पर बीच बीच में हवा का झोंका लोगों को ठिठुरने पर विवस करता रहा। ठंडी हवा भी लोगों को सिहरा रही है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान और गिर सकता है।

### शाम से बढ़ी ठंड रात होगी सर्द

गत शाम से ठंड का अहसास अचानक बढ़ गया। ठंडी हवा के झोंके लोगों को सिहराते रहे। रात में भी ठंडी हवा अपना असर दिखाती रही। ठंड से बचने लोग गर्म कपड़ों में दुबके नजर आए। यहां तक की ठंड से बचने के लिए सड़क, फुटपाथ पर रहने वाले कचरा एकत्र बकर उसमें आग लगाकर तापते दिखे। नगर निगम दौरा अभी तक अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक अरब सागर में बने सिस्टम के चलते जबलपुर सहित आस-पास के जिलों में भी बादल छाएं हैं। अभी एक दो दिन मौसम ऐसा रहेगा।

### हवा का रुख उत्तर-पूर्वी

मौसम विभाग के मुताबिक वर्तमान में हवा का रुख उत्तर-पूर्वी है। हवा दो किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही है। पहाड़ों से आ रही ठंडी हवा से वातावरण में हल्की ठंडक महसूस की जा रही है। खासतौर से मैदानी क्षेत्रों में ठंड का अहसास ज्यादा रहा।

आज का तापमान ¬ गुरुवार को बादल के कारण सुबह अधिकतम तापमान 19 डिग्री रहा।न्यूनतम तापमान 17 डिग्री तक पहुंच गया।

# सेप्टिक टैंक साफ करने की मशीन महीनों से बिगड़ी

## ओडीएफ प्लस में बने रहने के लिए सेप्टिक टैंकों के एक तिहाई हिस्से को जियो टैगिंग

**कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की गतिविधियों के तहत शासन के नवीन दिशा निर्देशों के पालन में नगर को ओडीएफ प्लस में बने रहने के लिए कुल सेप्टिक टैंकों की संख्या के एक तिहाई हिस्से को जियो टैगिंग किया जाना अनिवार्य है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिह धाकरे के निर्देशन में शासन निर्देशानुसार जियो टैगिंग की अनिवार्यता को दृष्टिगत रखते हुए विगत दिवस निगम की सहयोगी संस्था के सदस्यों द्वारा नगर के वार्ड में अभियान आयोजित कर विभिन्ना नागरिकों से संपर्क किया गया। लेकिन मजेदार बात यह है कि कटनी में सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए आई मशीन बीते एक माह से खराब है। इस मशीन से सेप्टिक टेंक की सफाई की जाती है। नगर निगम में सैकड़ों आवेदन टैंकों की सफाई के लिए पड़े हैं लेकिन मशीन खराब होने के कारण



कुछ भी नहीं हो पा रहा। आपको बता दें कि सेप्टिक टैंक को लेकर मुहिम चलाई गई उय

अभियान के दौरान नागरिकों के घरों में स्थित सेप्टिक टैंकों की जानकारी लेकर जियो टैगिंग का कार्य कराकर नागरिकों को सर्वेक्षण की गतिविधियों से अवगत कराते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का भाव लाने के लिए गत दिवा संत कवरराम वार्ड स्थित शासकीय प्राथमिक शाला कैरिन लाइन स्कूल के बच्चों के साथ स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कर घरों से निकलने वाले गीले सूखे एवं हानिकारक कचरे के प्रकारों से अवगत कराते हुए कचरे को अलग अलग डस्टबिन में रखने के लिए प्रेरित किया गया। हालांकि यह सारी कवायद तब तक असरहीन रहेगी जब तक नगर निगम की सेप्टिक टेंक को साफ करने वाली मशीन नहीं सुधर जा

## ओमिक्रोन वैरिएंट को लेकर सतर्कता

**कटनी।**

ओमिक्रोन वैरिएंट को लेकर प्रदेश के साथ ही जिले में सतर्कता बरतने व आवश्यक तैयारी को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने नगर निगम क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, व्यापारियों व अधिकारियों के साथ बैठक कर कोविड की जांच बढ़ाने सतर्कता बरतने के साथ तैयारी को लेकर बैठक की। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी जिला स्तर से अधिकारियों ने पहुंचकर ब्लाक स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों, सरपंचों, सचिवों के साथ बैठक कर एतिहात बरतने, टीकाकरण व कोविड-9 टेस्टिंग बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

# 15 दिसंबर के पहले सैकड़ों विवाह आयोजन




**कटनी।** हिन्दू परंपरा में मुहूर्त का विशेष महत्व होता है। हमारे सनातन धर्म में प्रत्येक कार्य के लिए एक अभीष्ट मुहूर्त निर्धारित है। वहीं कुछ अवधि ऐसी भी होती है जब शुभ कार्य के मुहूर्त का निषेध होता है। इस अवधि में सभी शुभ कार्य वर्जित होते हैं। ऐसी ही एक अवधि है- मलमास जिसे खरमास भी कहा जाता है। मलमास के बारे में ज्योतिषाचार्यो के अनुसार जब सूर्य गोचरवश धनु और मीन में प्रवेश करते हैं तो इसे क्रमशः धनु संक्रांति व मीन संक्रांति कहा जाता है। सूर्य किसी भी राशि में लगभग 1 माह तक रहते हैं। सूर्य के धनु राशि व मीन राशि में स्थित होने की अवधि को ही मलमास या खरमास कहा जाता है। मलमास में सभी प्रकार के शुभ कार्य जैसे विवाह, मुंडन, सगाई, गृहारंभ व गृह प्रवेश के साथ व्रतारंभ एवं व्रत-उद्यापन आदि वर्जित रहते हैं। जिसके अनुसार इस माह दिनांक 15 दिसंबर 2021, मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि से मलमास प्रारंभ होगा जो दिनांक 14 जनवरी 2022 पौष शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि तक रहेगा। मलमास प्रभावी होने के कारण इस अवधि में समस्त शुभ कार्यों का निषेध रहेगा। कोविड की तीसरी लहर की संभावना के चलते लोग पहले ही जल्दी से जल्दी विवाह समारोह निपटा रहे हैं। सिर्फ शहर की बात की जाए तो आज से लेकर 14 दिसंबर के बीच करीब 500 विवाह समारोह हैं जिनकी बुकिंग हो चुकी है।

# ऑन और ऑफलाइन के पशोपेश में कटनी के छात्र

## छात्र संगठनों ने भी साधी रखी है चुप्पी

**कटनी।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में ऑनलाइन परीक्षाओं की घोषणा के बाद हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट ने आदेश जारी करके कहा है कि परीक्षाएं ऑनलाइन करानी है या ऑफलाइन, इसका डिसीजन यूनिवर्सिटी करें। कुल मिलाकर उच्च शिक्षा विभाग ने कोई फैसला नहीं किया बस अपना पुराना फैसला वापस ले लिया। इधर बात कटनी की हो तो यहां छात्र अभी भी असमंजस में हैं। रानी दुर्गावती विवि से संबंध वाले कालेजों के छात्र अपनी तैयारी कैसे करें यह समझ नहीं पा रहे। कटनी में छात्र संगठन भी इसे लेकर अब तक खामोश हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हो या फिर एनएसयूआई दोनो ही छात्र संगठन ने न तो आरजीपीव्ही की परीक्षाओं के आन लाइन



घोषणा पर कोई प्रतिक्रिया दी न ही अन्य कालेजों में भी आरजीपीव्ही की तर्ज पर आनलाइन परीक्षा कराने की मांग की। हालांकि एस बारे में एनएसयूआई की मांग पिछले लॉक डाउन से आनलाइन परीक्षा की रही है। बहरहाल अब देखना यह है कि अन्य विवि में आरजीपीव्ही की तर्ज पर परीक्षाएं आन लाइन कराने का निर्णय होता है या फिर आफलाइन ही परीक्षाएं कराई जाएंगी।

### उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा था परीक्षाएं ऑफलाइन ही होंगी

दरअसल जा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 18 वर्ष से कम आयु के स्टूडेंट्स वाले स्कूलों को 50 प्रशित उपस्थिति एवं सभी स्कूलों में ऑनलाइन कक्षाएं फिर से शुरू करने की घोषणा की थी, तब उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन सिंह यादव ने आगे बढ़कर ऐलान किया था कि कॉलेजों का संचालन 100त्न भौतिक रूप से होगा। कक्षाएं एवं परीक्षाएं ऑफलाइन ही लगेंगी। ऑनलाइन पढ़ाई और परीक्षा नहीं होगी।

## दूसरे स्टेशन से ट्रेन पकड़ने पर अब नहीं लगेगा जुर्माना

**कटनी।**

आईआरसीटीसी ने बोर्डिंग स्टेशन बदलने की सुविधा देने का फैसला कर रेलयात्रियों को बड़ी राहत दी है। अभी तक अगर आप बोर्डिंग स्टेशन के बजाय किसी दूसरे स्टेशन से ट्रेन पकड़ते थे, तो जुर्माना देना पड़ जाता था। अब ऐसा नहीं होगा। ऑनलाइन टिकट बुक करने वाले रेलयात्री रेलवे की इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। हालांकि अगर आपने ऑफलाइन या किसी एजेंट के जरिए टिकट लिया है, तो आईआरसीटीसी की इस सुविधा का लाभ आपको नहीं मिलेगा। ऑनलाइन टिकट बुक करने वाले यात्री खुद से ही इस बदलाव का लाभ ले सकते हैं। अभी तक यह नियम था कि अगर आपने तय बोर्डिंग स्टेशन के बजाय किसी दूसरे स्टेशन से ट्रेन पकड़ा तो जुर्माना देना पड़ जाता था। इसके साथ ही बोर्डिंग स्टेशन से लेकर ट्रेन पकड़ने के स्टेशन तक का किराया भी यात्री से वसूला जाता था। अब यह जुर्माना सिर्फ उन यात्रियों को देना पड़ेगा, जो बिना बोर्डिंग स्टेशन बदले दूसरे स्टेशन से ट्रेन पकड़ेंगे।

# बस्तियों में रहने वाले लोगों को टीकाकरण के लिए किया प्रेरित

**कटनी।** कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए नगर के 34 टीकाकरण केंद्रों में वैक्सीनेशन महाअभियान आयोजित किया जा रहा है। आयोजित महाअभियान में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए टीकाकरण केंद्रों के आसपास पर्याप्त साफ सफाई चूने की लाईनिंग, व्यवस्था, बैठक व्यवस्था जागरूकता संबंधी बैनर फ्लेक्स लगवाने सहित निगम की अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण कराकर निर्धारित समय से टीकाकरण महाअभियान प्रारंभ कराया गया। महाअभियान का अधिक से अधिक नागरिकों को लाभ प्राप्त हो सके इसके निगम के वाहनों के माध्यम से नगर के विभिन्ना सार्वजनिक मार्गो दिलबहार चौराहा से गांधी द्वार, मिशन चौक होते हुए माधवनगर गेट, कलेक्ट्रेट विश्राम बाबा, सहित नगर के अन्य मार्गो में टीकाकरण केंद्रों की मुनादी का कार्य कराकर टीकाकरण से वंचित लोगों से निकटतम



टीकाकरण केंद्र पहुंचकर टीकाकरण कराने की अपील की जा रही है। टीकाकरण केंद्रों में निगम के नियुक्त दल के प्रभारियों द्वारा भी केंद्र की आसपास की बस्तियों में भ्रमण किया जाकर टीकाकरण से वंचित नागरिकों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करते हुए टीकाकरण केंद्रों में भेजने की कार्यवाही की जा रही है। महाअभियान में नागरिक उत्साह के साथ पहुंचकर महामारी का सुरक्षा चक्र हासिल कर रहे हैं। स्थित सुभाष चौक टीकाकरण केंद्र में देखने को मिला जब टीकाकरण केंद्र में रूककर जागरूकता का परिचय देते हुए महामारी का सुरक्षा चक्र प्राप्त किया।

# बस दूर से देखने में चकाचक भवन पास से दिखती असलियत

## देख रेख के अभाव में खंडहर हो चले जिले के सरकारी भवन


**कटनी।** कटनी जिले में कई ऐसे भवन हैं जो बने तो बेहद अच्छे ढंग से लेकिन बनने के बाद देख रेख के आभाव में खंडहर हो चले। एक ओर केन्द्र व प्रदेश सरकार करोड़ों रूपये खर्च कर शिक्षा को बढावा देने के उद्देश्य से गांव- गांव में नवीन भवन बनाकर सरकारी स्कूलों की नीव रखने काम कर रही है। तो वहीं दूसरी ओर शासन के ही जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारीयों की बेपरवाही के चलते चंद दिनों में ही नवीन भवन खंडहर में तब्दील होने लग जाते हैं और शासन की धनराशि खटाई में चली जाती है। जिसमें जिम्मेदार द्वारा की जाने वाली अनदेखी मुख्य वजह है। ऐसा ही एक ताजा मामला कटनी जिले के रीठी विकास खंड में संचालित शासकीय माडल हाई स्कूल का सामने आया है। देखा गया कि रीठी का माडल हाई स्कूल का नवीन भवन सामने से देखने में तो चकाचक दिखता है लेकिन पूछे से जिम्मेदारों की अनदेखी का शिकार हो गया है। विद्यालय के प्राचार्य की मनमानी के चलते विद्यालय के पीछे का हिस्सा खंडहर होता जा रहा है। देखा गया कि शिक्षकों की अनदेखी व लापरवाही के कारण करोड़ो की लागत से बने भवन मे बनी खिड़कियों के कांच चंद दिनों मे ही चकनाचूर हो चुके हैं।



### शीत लहर से बचने खिड़कियों में बोरी बांधकर पढ़ने मजबूर बच्चे

शिक्षा विभाग व विद्यालय प्राचार्य की मनमानी का शिकार हुए स्कूल में पढने वाले बच्चे इस मौसम की शीत लहर से बचने के लिए खिड़कियों में बोरी बांध कर किसी तरह अपना भविष्य संभाल रहे हैं। बताया गया कि रीठी का माडल हाई स्कूल पाइपास मार्ग पर खुले में थोड़ी ऊंचाई पर बना है। जिसके चलते दिनभर चलने वाली शीत लहर प्रभाव विद्यालय पर भी पड़ता है। जिस कारण से बच्चों द्वारा खुली पड़ी खिड़कियों पर बोरी बांध कर पढाई करना मजबूरी बन गया है।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज




रोजाना 4 शो ता. 03 से दोपहर 1, 3.30, 6 एवं रात्रि 8.30 बजे से

तड़प

कलाकार- अहान शेट्टी, तारा सुतारिया, सौरभ शुक्ला, कुमुद मिश्रा, सुमित गुलाटी आदि।

एडवांस बुकिंग चालू है

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह




रोजाना 3 शो ता. 03 से दोपहर 4.30, 7.30, एवं रात्रि 10 बजे से

अंतिम
(The Final Truth)

कलाकार- सलमान खान, आयुष शर्मा, महिमा मकवाना, महेश मांजरेकर, निकितिन धीर आदि।

एडवांस बुकिंग चालू है

नीरज सिनेप्लेक्स में




शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 2 शो ता. 03 से दोपहर 12 एवं 3 बजे से

सत्यमेव जयते – 2

कलाकार- जॉन अब्राहम, दिव्या खोसला कुमार, हर्ष छाया, अनूप सोनी आदि।

एडवांस बुकिंग चालू है

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

सिटी मॉल बरही रोड में
हिंदी में




रोजाना 2 शो ता. 03 से दोपहर 12.30 एवं 2.30 बजे से

Resident Evil
(Welcome to Raccoon City)

कलाकार- टॉम हापर, अवन जोगिया, अवा ब्लेकवेल, लिली गाओ, डोनल लॉग आदि।

एडवांस बुकिंग चालू है

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, गुरूवार, 09 दिसम्बर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# दोहरी और तिहरीकरण से बढ़ी ट्रेनों की स्पीड

## यात्रियों के समय की बचत-रेलवे को भी हो रहा फायदा



**कटनी। कटनी-बीना रेलखंड के तिहरीकरण और कटनी से सिंगरौली रेलखंड के दोहरीकरण का काम तेज गति से कराया जा रहा है। डबल और ट्रिपन ट्रैक के निर्माण के साथ ही रेलखंडों पर ट्रेनों की रफ्तार भी बढ़ाई जा रही है। जिससे न केवल समय के साथ ही ईधन और बिजली की बचत हो रही है वरन यात्रियों को भी अपने गंतव्य तक समय पर पहुंचने में आसानी हो रही है।**

पश्चिम मध्य रेल ने वर्ष 2021-22 में अपनी इन्फ्रास्ट्रक्चर में काफी बढ़ोत्तरी की है। यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी और सुगम रेल संचालन हमेशा से ही पश्चिम मध्य रेल की प्राथमिकता रही है। इसी श्रृंखला में पमरे ने अपने परिक्षेत्र में अनेकों स्टेशनों के मध्य तिहरीकरण एवं दोहरीकरण के कार्य पूर्ण किये हैं, जिससे जहां एक ओर लाइन क्षमता में वृद्धि हुई है, वहीं दूसरी ओर यात्रियों के यात्रा समय में भी काफी बचत हुई है। इसके साथ ही इन खंडों में गति को बढ़ाया गया है। न्यू कटनी जंक्शन से कटंगीखुर्द रेलखंड में 4.868 रूट किलोमीटर का

### कटनी-सिंगरौली रेलखंड में तेज गति से हो रहा दोहरीकरण

दोहरीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं गाड़ियों की स्पीड क्षमता में वृद्धि करते हुए 100 किलोमीटर प्रतिघंटा कर दी गई है, इससे 0.32 मिनट के समय की बचत हुई है। इसी तरह सतना कैमा रेलखंड में कुल 5.905 रूट किमी. का दोहरीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं गाड़ियों की स्पीड क्षमता में वृद्धि करते हुए 110 किलोमीटर प्रतिघंटा कर दी गई है, इससे 0.72 मिनट के समय की बचत हुई है। इन्फ्रास्ट्रक्चर के कार्य को गति देने के अभियान को आगे भी पमरे द्वारा जारी रखा जाएगा, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधा प्रदान की जा सके एवं यात्रा के समय में बचत हो सके।



# अब साइडिंग के इलेक्ट्रीफिकेशन पर रेलवे का फोकस

**कटनी।** पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा रेलखंडों में इलेक्ट्रीफिकेशन का काम पूरा करने के बाद अब रेल साइडिंग में भी विद्युतीकरण पर जोर दिया जा रहा है। रेल साइडिंग में विद्युतीकरण का काम पूरा होने के बाद अब यहां से मालगाड़ियों में रेल विद्युत इंजन लगाकर गंतव्य के लिए रवाना किया जा सकेगा, इससे न केवल रेलवे के समय की बचत होगी, वरन राजस्व में भी वृद्धि होगी। पश्चिम मध्य रेलवे ने अपने संपूर्ण रेलवे ट्रैक को पहले ही 100 प्रतिशत विद्युतीकृत कर लिया है। पूर्ण विद्युतीकरण होने से ट्रेन परिचालन सुगम बनने के साथ-साथ खर्च में भी भारी बचत हुई है। इसके पश्चात अब पश्चिम मध्य रेलवे इस दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए अपने परिक्षेत्र की साइडिंगों को भी विद्युतीकृत करने के मिशन मोड पर कार्य कर रहा है। साइडिंगों के विद्युतीकृत होने से जहां एक ओर रेल परिचालन में अत्याधिक सुगमता होगी, वहीं दूसरी ओर माल ढुलाई से राजस्व में वृद्धि होनी की प्रबल संभावना बनती है। इसके साथ-साथ पमरे ने माल गोदामों को भी उन्नत किया है तथा उनकी क्षमता में भी वृद्धि की है। व्यापारियों को आकर्षित करने के लिए मालगोदामों पर पमरे ने सुविधाओं में खासा इजाफा किया है, जिससे पमरे के परिक्षेत्र में अधिक से अधिक साइडिंगों से सामग्री का रेल यातायात से परिवहन किया जा सके। इसी कड़ी में कटनी-सिंगरौली रेलखंड पर को विद्युतीकृत किया जा चुका है। अब निवास

### कटनी-सिंगरौली रेलखंड के निवास रोड रेल साइडिंग पर विद्युतीकरण

रोड साइडिंग को भी विद्युतीकृत किया गया है। इस प्रकार कुल 21.6 ट्रैक किलोमीटर साइडिंग को विद्युतीकृत किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पमरे अपने परिक्षेत्र में आने वाले रूटों पर नए ट्रैक्शन सब स्टेशन स्थापित करने की ओर तीव्र गति से अग्रसर है। पिछले 30 दिनों के दौरान दो नए टैक्शन सब स्टेशन, जिनमें से एक कैमा सतना रीवा खंड में तथा दूसरा शिवपुरी गुना-ग्वालियर खंड में तैयार कर लिये गये हैं। पश्चिम मध्य रेल लगातार अपने इन्फ्रास्ट्रक्चर में विस्तार कर रेल परिचालन में सुगमता, विश्वसनीयता, गतिशीलता और मितव्ययिता में बढ़ोत्तरी कर रहा है तथा साथ-साथ रेल राजस्व प्राप्ति के भी नए-नए द्वार खोल रहा है।

## उमरियापान के मोटा चौरसिया का निधन

उमरियापान, यशभारत। उमरियापान के 63 वर्षीय ओम प्रकाश उर्फ मोटा चौरसिया का कल दोपहर 3 बजे दु:खद निधन हो गया। जानकारी के अनुसार मोटा चौरसिया का पिछले माह नवंबर में



अचानक स्वास्थ्य खराब होने पर परिजन जबलपुर के मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे थे। जहां एक सप्ताह तक गहन उपचार चलने के बाद स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद डॉक्टरों ने छुट्टी कर दी थी। जिसके बाद परिजन मोटा चौरसिया को घर लेकर आ गए थे। घर में खाना खाने लगे थे और सब लोगों से अच्छे से बात भी करने लगे थे। कल दोपहर को ढाई बजे अचानक ज्यादा ही स्वास्थ्य खराब हुआ और दोपहर 3 बजे दु:खद निधन हो गया। निधन की खबर सुनते ही नगर के लोग स्तब्ध रह गए और शोक में डूब गए। आज सुबह 11 बजे नगर बन्हाई मोहल्ला के मुक्तिधाम में मोटा चौरसिया का अंतिम संस्कार बड़े गमगीन माहौल में किया गया है। मोटा चौरसिया, सुखदेव चौरसिया होटल वाले के छोटे भाई थे और शिवम उर्फ शिब्बू चौरसिया के पिता थे। क्षेत्र के लोगों ने शोकाकुल परिवार के निवास पहुंचकर आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की एवं उनके परिवार को संबल प्रदान करने की भगवान से प्रार्थना की है।

# राज्यपाल की सुरक्षा के लिए जारी एसपी का गोपनीय पत्र लीक

**कटनी।** मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल के कटनी अल्पप्रवास पर वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन द्वारा जारी किए गए एक गोपनीय पत्र के लीक होने से बवाल मच गया है। पत्र के बिंदु क्रमांक 6 पर कथिर रूप से आपत्तिजनक शब्दों का उपयोग किया गया है, हालांकि पुलिस विभाग ने पत्र में लिखे गए शब्दों को लिपकीय त्रुटि बताया है। विभाग के लिपिक को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा गया है।
जानकारी के अनुसार विगत 7 दिसंबर को मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल का अल्पप्रवास पर कटनी आगमन हुआ। सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसपी श्री जैन द्वारा गोपनीय पत्र जारी किया गया। गोपनीय पत्र में राज्यपाल की सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त पुलिस

### पत्र में आपत्तिजनक शब्दों से मची खलबली, पुलिस ने जताया खेद, लिपकीय त्रुटि पर मांगा जवाब

अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई। पत्र के सामान्य निर्देश कॉलम के बिंदु क्रमांक 6 पर कुछ शब्द आपत्तिजनक थे। जिस पर पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। पत्र में उल्लेखित शब्दों पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केड़िया ने कहा कि वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था के लिए ड्यूटी चार्ट जारी किया गया था। पत्र में लिपिकीय त्रुटि के कारण कुछ शब्द प्रिंट नहीं होने से उसका अलग से भावार्थ निकाला गया है। इस संबंध में लिपिक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। हमारा किसी की भी भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कोई आशय नहीं है। इस लिपकीय त्रुटि के लिए खेद व्यक्त करते हैं। कटनी पुलिस सदैव जनता की सेवा के लिए तत्पर है।

## ब्रिज एप्रोच रोड निर्माण में लापरवाही



बरगवां के पास ओव्हरब्रिज की एप्रोच रोड के निर्माण में ठेकेदार द्वारा उदासीनता बरती जा रही है। जिसके चलते इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## देना बैंक के सामने से बाइक चोरी

कटनी। कोतवाली अंतर्गत स्थानीय घंटाघर के पास स्थित देना बैंक के सामने से किन्हीं अज्ञात चोरों ने एक मोटर साइकिल पार कर दी। चोरी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 379 के तहत मामला दर्ज किया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि ग्राम बेला थाना गोसलपुर जिला जबलपुर हाल कैलवारा फाटक निवासी प्रकाश मोंगरे पिता परसराम मोंगरे की मोटर साइकिल हीरो पैसन प्रो क्रमांक एमपी 21 एमरे 0126 किन्हीं अज्ञात चोरों ने पार कर दी। बाइक की कीमत 70 हजार रूपए आंकी गई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए पतासाजी शुरू कर दी है।

# गर्ग चौराहा के पास दो युवकों में झगड़ा, काउंटर मामला दर्ज

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गर्ग चौराहा में विगत दिवस किसी आपसी बात को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गर्ग चौराहा पार्वती लाज के नीचे विगत दिवस रबर फैक्ट्री रोड निवासी सुनील कोष्ठा पिता किशनलाल कोष्ठा एवं गर्ग चौराहा ब्रिज के पास निवासी विभवराज गुप्ता पिता भगवानदास गुप्ता के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसके चलते दोनों ने एक दूसरे के साथ गाली गलौज एवं मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों की रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 506 के तहत मामला दर्ज किया है। इसी तरह कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खम्हरिया नंबर 2 रंगमंच के पास ग्राम खम्हरिया निवासी सुदामा बर्मन एवं प्यारे लाल बर्मन ने किसी आपसी विवाद को लेकर ग्राम खम्हरिया नंबर 2 निवासी मोहम्मद सगीर पिता नबाब अहमद के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। जिसकी रिपोर्ट पुलिस ने धारा 294, 323, 506, 34 के तहत मामला दर्ज किया है।

**संबंध विच्छेद (सूचना)**

मैं राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय पिता स्व. श्री केशव प्रसाद पाण्डेय एवं श्रीमती राधा पाण्डेय पत्नि श्री राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय निवासी समदड़िया सिटी माधवनगर कटनी यह घोषणा करते हैं, कि हम अपनी पुत्रवुध श्रीमती सृष्टि मिश्रा द्वारा दी जाने वाली मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक प्रताड़ना एवं झूठे केसों में फंसाये जाने की धमकी से तंग आकर अपने पुत्र सौरभ पाण्डेय एवं अपनी पुत्रवधु श्रीमती सृष्टि मिश्रा पति श्री सौरभ पाण्डेय से सभी प्रकार से संबंध विच्छेद करते हैं। हम इन्हें अपनी सभी सामाजिक कृत्य सहित सभी स्व. अर्जित एवं पैतृक चल-अचल संपत्ति से पृथक करते हैं। आज दिनांक से हमारा इन लोगों से कोई संबंध नहीं रहेगा एवं इनके द्वारा वर्तमान का भविष्य में किए गए किसी भी प्रकार के कृत्य हेतु हमारी कोई जबावदारी नहीं होगी।

दिनांक - 08.12.2021
स्थान- कटनी

राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय
स्व. श्री केशव प्रसाद पाण्डेय

श्रीमती राधा पाण्डेय
पत्नि श्री राजेन्द्र पाण्डेय

**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

# कुठला में शिवलिंग निर्माण का आयोजन



**कटनी।** ग्रहस्थ संत पंडित देवप्रभाकर शास्त्री दद्दा जी के शिष्य आचार्य डॉ रजनीश शास्त्री बनारस के सानिध्य में श्रीमद्भागवत कथा पुराण एवं असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन रैपुरा निवासी रामेश्वर प्रसाद अग्रवाल के निवास मिश्रा मैरिज गार्डन कृषि मंडी रोड वल्लभनगर पन्ना मोड़ कुठला में आयोजित किया गया है। आज कथा के तीसरे दिवस भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्य स्वरूपों का वर्णन करते हुए आचार्य डॉ रजनीश शास्त्री ने भगवान के वामन अवतार का कथा के माध्यम से उपस्थित जन समूह को दर्शन कराया। कथा के आज चौथे दिवस भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्स्व और भगवान की बाललीलाओं पर संगीतमय कथा प्रवचन करेंगे। कार्यक्रम में प्रतिदिन सुबह 8 बजे से पुराण वाचन, पार्थिव शिवलिंग निर्माण, अभिषेक, सायं 3 बजे से श्रीमद्भगवत कथा के माध्यम से भगवान की लीलाओं का वर्णन नित प्रति होता है। कल कथा समापन के बाद व्यास पीठ से डॉ रजनीश शास्त्री द्वारा गृहस्थ संत पंडित देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी के जीवन दर्शन पर आधारित डॉ सुरेंद्र राजपूत टीम द्वारा लिखी गई पुस्तक दद्दा दर्शन पुस्तक का विमोचन किया।

# कटनी-बीना रेलखंड में बनाया गया नया रोड ओवर ब्रिज



**कटनी।** पश्चिम मध्य रेल यात्रियों की सुविधाओं के साथ-साथ क्षेत्रवासियों की सुविधा का भी पूरा ध्यान रख रहा है। इसी श्रृंखला में पश्चिम मध्य रेल के कटनी-बीना रेलखंड में सागर-मकरोनिया स्टेशनों के मध्य केन्टोंमेंट चित्र में नया रोड ओवर ब्रिज संख्या बनकर तैयार हो गया है। इस ब्रिज की लंबाई 36 मीटर, चौड़ाई 9.1 मीटर एवं ऊंचाई रेल लेवल से 6.989 मीटर है। इस ब्रिज का निर्माण कार्य फरवरी 2019 में प्रारंभ हुआ। पश्चिम मध्य रेल ने तेज गति से कार्य करते हुए सितंबर 2021 को निर्माण कार्य समाप्त कर ब्रिज को रोड यातायात के लिए खोल दिया। इस ब्रिज की विशेषता यह है कि भविष्य में तीसरी लाईन डालने के लिए भी पर्याप्त जगह छोड़ी गई है। जिससे तीसरी लाईन डालने के समय में किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। यह ब्रिज 5 करोड़ की लागत से बनाकर तैयार किया गया है। वर्तमान में पश्चिम मध्य रेल अपने परिक्षेत्र में अनेकों और रोड ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य कर रहा है, जो शीघ्र ही बनकर तैयार होने की ओर अग्रसर है। इस वर्ष 2021-22 में पूर्व से चल रहे 5 रोड ओवर ब्रिजों का निर्माण कार्य किया जा चुका है।

# जिसने स्वयं को जीता,वो महावीर बना

## पहाड़ी निवार में आचार्य श्री कुलरत्न भूषण जी के सानिध्य में अभिषेक विधान





**कटनी।** पहाड़ी निवार में आचार्य श्री कुलरत्न भूषण जी के सानिध्य में सुबह 6 बजे अभिषेक विधान हुआ। सरपंचों, पंचों व ग्रामीणों के निवेदन पर 3 बजे आचार्य श्री के सामूहिक प्रवचन हुए, जिसमे पहाड़ी, बिचुआ, भनपुरा, पोनिया, बंडा, पिपरोंध, पड़रभटा, तखला, शहपुरा, जरवाही आदि से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि ग्रामीणजन उपस्तिथ हुए। प्रवचन से पहले आचार्य श्री विद्यासागर जी के तेल चित्र पर राकेश जैन कक्का, जैन समाज के अध्यक्ष राकेश जैन, राम सिंह, योगेश चौबे, सरपंच शिवकुमार सेन, कमलेश रजक, त्रिलोक जैन, आनन्द जैन ने दीप प्रज्जलित किया। आचार्य श्री जी को जिनवाड़ी भेंट की गई। आचार्य श्री ने प्रवचन में कहा कि दुनिया में भारत को आदर्श माना गया है। पहले कहा जाता था मेरा भारत महान, सोने की चिड़िया। भारत महान था। भारत महान है। भारत महान सदैव रहेगा। भारत में क्या चीज है, जो विश्व में नहीं है, वो भारत में है, जो दुनिया में नहीं मिलता। वो भारत में मिलता है। सिकन्दर जैसा भी मां का संकल्प पूरा नहीं कर पाया। शत्रु को जो जीतता है, वो सिकन्दर होता है, स्वयं को जो जीतता है, वो महावीर होता है। ऐसे महावीर के जिस चरण जिस पावन धरती भारत मां है, इस भारत मां का आदर्श क्या है। वर्तमान में हम सब बट चुके है। ये दर्द की बात है। भारत अखण्ड है। चन्द्रगुप्त मौर्य जैसा मौर्य इस धरती पर राज्य किया है और भारत को एक साम्राज्य करने के लिए पुरुषार्थ किया है। उपस्तिथ जनों में राकेश जैन कक्का, आराधाना जैन, भंवर सिंह, राम सिंह, योगेश चौबे, राकेश जैन अध्यक्ष जैन समाज, अनिल सिंह, प्रशांत दुबे, गणेश सोनी, सरपंच धरम चन्द्र जैन, राजू त्रिपाठी, देवेंद्र राय, रवि अग्रवाल, अनिल दरयानी, रवि होतवानी, राजकुमार सोनी, त्रिलोक चन्द्र जैन, रेशु जैन, आंनद जैन, नरेंद्र जैन, गुड्डा चौबे, सुशील पांडे, तरुण जग्गी, बाबू खान, अखिल पांडे उपस्थित रहे। थाना प्रभारी नासिर हुसैन ने प्रशासनिक व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग दिया।

mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।



Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH

# पंचायत चुनावः एक्टिव हुआ प्रशासन

## नोडल अधिकारियों की बैठक, तैयारी की समीक्षा

**कटनी। पंचायत निर्वाचन कार्य में किसी तरह की कोई लापरवाही न हो। सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी समझें और उस आधार पर काम करें। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जो भी पत्र जारी हों, उनकी जानकारी तत्काल दें। कोई दिक्कत हो तो पहले से ही उसको लेकर अधिकारियों से चर्चा कर स्थिति को स्पष्ट कर लें। स्थानीय निर्वाचन को लेकर कलेक्ट्रेट में आयोजित नोडल अधिकारियों की बैठक में यह निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि सभी के प्रशिक्षण समय पर हों और स्ट्रांग रूम आदि की व्यवस्थाएं दुरूस्त हों, इसको प्राथमिकता से पूरा कराएं।**



कलेक्टर ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते से पंचायत चुनाव की तैयारी के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। नाम निर्देशन के लिए तय किए गए स्थानों व क्लस्टर के संबंध में जानकारी लेने के साथ ही श्री मिश्रा ने जिन स्थानों पर नाम निर्देशन पत्र जमा किए जाने हैं, वहां की व्यवस्था पहले से देखने के लिए सभी एसडीएम को निर्देश दिए। साथ ही फार्म जमा करने के प्रत्येक स्थल पर सुरक्षा को लेकर पुलिस भी तैनात रहे, इसके लिए पुलिस विभाग से समन्वय बनाते हुए व्यवस्था करने के निर्देश प्रदान किए। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मिश्रा ने मतदान दलों, मतगणना दलों के संबंध में जानकारी ली और मतदान दलों में महिलाओं की ड्यूटी भी लगाने के निर्देश प्रदान किए। साथ ही मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से नाम निर्देशन पत्र जमा करने के स्थल पर जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जानी हैं, उनका प्रशिक्षण कराने के भी निर्देश दिए।

### सामग्री वितरण व वापिसी स्थल की व्यवस्थाएं रहें दुरूस्त

कलेक्टर श्री मिश्रा ने बैठक में मतदान दलों की रवानगी, सामग्री का वितरण व वापिसी पर सामग्री जमा करने के स्थलों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण व वापिसी स्थल में पर्याप्त बेरीकेटिंग कराएं और पहले से स्थलों का भ्रमण कर व्यवस्थाएं दुरूस्त कराएं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने चुनाव सामग्री के मुद्रण, कंट्रोल रूम की स्थापना, विधिक सहायता, आईटी प्रबंधन, स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आदि की भी जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।

### सेंस की गतिविधियों में लाएं तेजी

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में सेंस कमेटी एवं ईवीएम जागरूकता समिति की गतिविधियों में तेजी लाने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें और लोगों को मतदान व ईवीएम के संबंध में जानकारी प्रदान करें। साथ ही सभी एसडीएम को संपत्ति विरूपण की कार्रवाई करने के भी निर्देश प्रदान किए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे, अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो सहित स्थानीय निर्वाचन में संलग्न सभी नोडल अधिकारी मौजूद थे।

### निर्वाचन कार्य में लगे लोगों की सेंपलिंग

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मिश्रा ने बैठक में चुनाव कार्य में संलग्न किए जाने वाले पीठासीन अधिकारी सहित अन्य कर्मचारियों का कोविड टेस्ट अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश प्रदान किए। परिवहन व्यवस्था को लेकर वाहनों का अधिग्रहण करने व उनकी पहले से जांच कराने और जीपीआरएस सिस्टम सभी में लगे हों, यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश प्रदान किए। अधिकारी, कर्मचारियों के प्रशिक्षण को लेकर कलेक्टर श्री मिश्रा ने व्यवस्थित रूप से ट्रेनिंग कराने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि ईवीएम प्रबंधन को लेकर भी संलग्न अधिकारी, कर्मचारियों का प्रशिक्षण कराएं और स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं को एक बार से सभी एसडीएम स्थल पर जाकर जांच लें। स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था व फायर सेफ्टी की विशेष रूप से जांच कराने के निर्देश कलेक्टर श्री मिश्रा ने दिए।

### नाम निर्देशन पत्र जमा करने के स्थानों पर कराएंगे मॉकड्रिल

कलेक्टर श्री मिश्रा ने बैठक में नाम निर्देशन पत्र जमा करने के स्थलों पर प्रथम चरण की प्रक्रिया प्रारंभ होने से पूर्व तैयारी को लेकर मॉकड्रिल कराने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा अभ्यर्थियों को फार्म के साथ जमा किए जाने वाले बिजली विभाग के अदेश प्रमाण पत्र को लेकर भी बिजली विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर सिंगल विंडो के माध्यम से उसी दिन प्रमाण पत्र प्रदान करने की व्यवस्था करने के भी निर्देश कलेक्टर ने दिए।




# 3195 किलोग्राम महुआ, 17 लीटर अवैध शराब जप्त

**कटनी।** जिले में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय एवं निर्माण की रोकथाम के लिये आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को आबकारी वृत्त विजयराघवगढ़ एवं स्लीमनाबाद अंतर्गत विभागीय अमले द्वारा कार्रवाई करते हुये अवैध मदिरा एवं महुआ लाहन जप्त कर संबंधितों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं। जिला आबकारी अधिकारी अनिल जैन ने बताया कि सोमवार को आबकारी विभाग द्वारा आबकारी वृत्त विजयराघवगढ़ एवं स्लीमनबाद अंतर्गत ग्राम बरहटा, शांतिनगर, घुन्नौर, पथरहटा, खिरवा, सिनगौड़ी, विजयराघवगढ़, नैगवां, सिंहुड़ी में दबिश दी गई। इस दौरान 3195 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 17 लीटर अवैध हाथभट्टी मदिरा जप्त की गई है। कार्रवाई में संबंधित आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं च के तहत 16 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं। इस कार्रवाई में जप्तशुदा महुआ लाहन तथा अवैध शराब का अनुमानित मूल्य 1 लाख 62 हजार 300 रुपये है। मौके पर महुआ लाहन का सैम्पल लेकर आबकारी दल द्वारा नष्ट कर दिया गया है।

## नन्हवारा, भगनवारा एवं बड़गांव में बन रही थी शराब

जिले में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय एवं निर्माण की रोकथाम के लिये आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को आबकारी वृत्त कटनी अंतर्गत विभागीय अमले द्वारा कार्रवाई करते हुये अवैध मदिरा एवं महुआ लाहन जप्त कर संबंधितों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं। जिला आबकारी अधिकारी अनिल जैन ने बताया कि बुधवार को आबकारी विभाग द्वारा आबकारी वृत्त कटनी अंतर्गत ग्राम नन्हवारा, भगनवारा, बड़ागांव, देवरी हटाई में दबिश दी गई। इस दौरान 465 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 29 लीटर अवैध हाथभट्टी मदिरा जप्त की गई है। कार्रवाई में संबंधित आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं च के तहत 11 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं। इस कार्रवाई में जप्तशुदा महुआ लाहन तथा अवैध शराब का अनुमानित मूल्य 27 हजार 600 रुपये है। मौके पर महुआ लाहन का सैम्पल लेकर आबकारी दल द्वारा नष्ट कर दिया गया है।

# 34 टीकाकरण केन्द्रों में आयोजित हुआ वैक्सीनेशन महाअभियान





**कटनी।** कोविड -19 महामारी से बचाव हेतु शासन द्वारा वैक्सीनेशन महाअभियान आयोजित किये जाकर नागरिकों को टीकाकरण की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में जिला कलेक्टर एवं प्रशासक श्री प्रियंक मिश्रा एवं आयुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में आज नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, मंदिर परिसर, चिकित्सालय परिसर, स्कूल परिसर, स्टेशन परिसर, आंगनबाडी केन्द्रों को चिन्हित किया जाकर 34 स्थलों में वैक्सीनेशन का महाअभियान आयोजित किया गया। महाअभियान में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगम के नियुक्त दल के अधिकारियों द्वारा टीकाकरण केन्द्र में समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कराई जाकर टीकारण केन्द्रों के आसपास की बस्तियों में नागरिकों से संपर्क किया जाकर टीकाकरण हेतु प्रेरित किया जाकर शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ती के प्रयास किये गए। निगम के वाहनों के माध्यम से भी निरंतर मुनादी कराई जाकर नागरिकों को टीकाकरण हेतु प्रेरित करते हुए टीकाकरण केन्द्रों में भेजनें की कार्यवाही की गई। नागरिकों द्वारा भी टीकाकरण केन्द्रों में पहुंचकर टीकाकरण कराते हुए महामारी का सुरक्षा चक्र प्राप्त किया गया।

## कलेक्टर की अनुमति से ही मिलेगा अवकाश

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन की आदर्श आचरण संहिता लागू की गई है। अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो ने जिले के अधिकारियों व कर्मचारियों के अवकाश के संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश के तहत इस अवधि में किसी भी अधिकारी, कर्मचारी को अपर जिला मजिस्ट्रेट की पूर्व स्वीकृति के बिना अवकाश स्वीकृत नहीं किये जा सकेंगे और ना ही मुख्यालय छोड़ने की अनुमति प्रदान की जायेगी। पूर्व में भी स्वीकृत किये गये समस्त प्रकार के अवकाश भी निरस्त कर दिये गये हैं।



# लोक अदालत में 50 प्रकरणों के निराकरण पर बनी सहमति

**कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी श्यामाचरण उपाध्याय की अध्यक्षता में तथा जिला न्यायाधीश व सचिव दिनेश कुमार नोटिया की उपस्थिति में गतदिवस मंगलवार को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी में बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें आगामी नेशनल लोक अदालत 11 दिसम्बर 2021 को सफल बनाये जाने तथा पक्षकारों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इफ्को टोक्यो इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारियों तथा संबंधित बीमा कंपनी के आवेदक एवं अनावेदक अधिवक्ताओं ने सहभागिता की। इस दौरान इफ्को टोक्यो इंश्योरेंस कंपनी के लगभग 50 प्रकरणों में निराकरण की सहमति बनी।

इस बैठक में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय आर.पी. सोनी, अध्यक्ष अमित शुक्ला, सचिव मथुरा तिवारी जिला अधिवक्ता संघ कटनी एवं कार्यकारिणी के अन्य सदस्य, इफ्को टोक्यों इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारियों तथा संबंधित बीमा कंपनी के आवेदक एवं अनावेदक अधिवक्ता उपस्थित रहे। उक्त बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी श्यामाचरण उपाध्याय द्वारा नेशनल लोक अदालत में रखे जाने वाले राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण हेतु परिचर्चा करते हुए अधिक से अधिक मामलों के निराकरण की अपील की गई।

## पंचायत चुनाव के प्रचार-प्रसार के संबंध में निर्देश जारी

**कटनी।** त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचनों की घोषणा हो चुकी है। पंचायत चुनाव की गतिविधियों के प्रचार-प्रसार के संबंध में मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश के समस्त कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन को आवश्यक निर्देश जारी किये गये हैं। निर्देशों के तहत कहा गया है कि मतदाताओं तथा अभ्यर्थियों को मतदान की प्रक्रिया, मतदान के दौरान दी जाने वाली सुविधायें, सुविधा केन्द्रों की स्थापना की जानकारी, नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की तिथियों एवं मतदान की तिथियों की जानकारी ग्राम पंचायतों में डोंडी पिटवाकर (मुनादी) के माध्यम से भी प्रदान की जाये।

# गली-गली जगा रहे स्वच्छता की अलख



**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखनें हेतु रोजाना दैनिक सफाई व्यवस्था सहित वार्डवार स्वच्छता अभियान आयोजित किये जाकर वार्ड के विभिन्न स्थलों की साफ सफाई का कार्य कराया जा रहा है। कोविड-19 वैक्सीनेशन महाअभियान को दृष्टिगत रखते हुए निगम के स्वच्छता दूतों द्वारा नगर के विभिन्न टीकाकरण केन्द्रों के आसपास साफ सफाई की जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। स्वास्थ्य अधिकारी नें बताया कि निगम के स्वचछता दूतों के माध्यम से नगर के विभिन्न मुख्य एवं अन्य मार्गो की सफाई व्यवस्था सहित सामूहिक दलेल के माध्यम से नेहरू वार्ड इंड्रस्ट्रियल एरिया कि विभिन्न मार्गो, पानी की टंकी के पास, नेपाली मोहल्ला सहित वार्ड के विभिन्न स्थलों के मुख्य एवं अन्य मार्गो तथा नाले -नालियों की सफाई कराई जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थलों की सफाई व्यवस्था के तहत कृषि उपज मंडी परिसर एवं पहंच मार्ग, पन्ना मोड, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, बस स्टेण्ड परिसर, नदीपार मुख्य मार्ग, घंटाघर प्वाइंट, गुरूनानक वार्ड सब्जी मंडी स्थित चाय दुकान के पास, बरगवां, भट्टा मोहल्ला, ईश्वारी पुरा वार्ड मीट मार्केट, राम जानकी हनुमान वार्ड मुख्य मार्ग, मानसरोवर कॉलोनी मुक्तिधाम परिसर, कावस जी वार्ड विवेकानंद चौक के पीछे वाले रोड की सफाई रंगनाथ मंदिर परिसर, बरगवां मुख्य मार्ग के पास सडकों में पानी की सिचाई उपरान्त सफाई का कार्य सहित मुख्य मार्गो के डिवाईडर एवं डस्टबिन की सफाई का कार्य कराया जाकर डोर टू डोर कचरे के संग्रहण किया गया। वीर सावरकर वार्ड में दिन्नू चौरसिया के घर के पीछे की सार्वजनिक नालियों, फारेस्टर वार्ड स्थित साहू गली, कावस जी वार्ड बाबा रोड मुखिा वंशकार के सामनें सहित नगर के अन्य स्थलों में सफाई का कार्य कराया गया।

## नायब और तहसीलदारों के बीच कार्यविभाजन

**कटनी।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने प्रशासनिक व कार्यालयीन कार्य सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये जिले में पदस्थ तहसीलदार, नायब तहसीलदारों के माध्य नवीन कार्य दायित्व सौंपते हुये आगामी आदेश पर्यन्त तक पदस्थ कर आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत बड़वारा तहसीलदार क्षमा सराफ को तहसीलदार ढीमरखेड़ा पदस्थ किया गया है। वहीं प्रभारी तहसीलदार ढीमरखेड़ा हरिसिंह धुर्वे को नायब तहसीलदार वृत्त उमरियापान तहसील ढीमरखेड़ा, नायब तहसीलदार वृत्त उमरियापान तहसील ढीमरखेड़ा प्रियंका नेताम को नायब तहसील कटनी शहर, नायब तहसीलदार वृत्त बड़गांव तहसील रीठी राजेश पाण्डे को प्रभारी तहसीलदार बड़वारा पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार नायब तहसीलदार बड़वारा हेमांगप्रिया श्रीवास्तव को नायब तहसीलदार वृत्त बड़गांव तहसील रीठी, प्रभारी तहसीलदार बरही सच्चिदानंद त्रिपाठी को नायब तहसीलदार वृत्त सिनगौड़ी तहसील विजयराघवगढ़ और नायब तहसीलदार वृत्त सिनगौड़ी तहसील विजयराघवगढ़ जितेन्द्र पटेल को प्रभारी तहसीलदार बरही पदस्थ कर कार्य दायित्व सौंप गये हैं।

# बहोरीबंद में एसडीएम ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा



### आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने दिये निर्देश

**कटनी।** राज्य निर्वाचन आयोग मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन कार्यक्रम की तिथियां जारी कर दी गई हैं। जिसके बाद सम्पूर्ण प्रदेश के साथ ही जिले में भी आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। वहीं जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा पंचायत आम निर्वाचन को लेकर निर्वाचन क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियां प्रारंभ कर दी गई हैं। कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा जिले के समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन कार्य मुस्तैदी से करने के निर्देश दिये गये हैं। इसी क्रम में मंगलवार को एसडीएम बहोरीबंद संघमित्रा गौतम ने बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम ने मतदान केन्द्र सुपेली तथा पथराड़ी पिपरिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरुप व्यवस्थायें दुरुस्त करने के निर्देश संबंधित अमले को एसडीएम ने दिये।




# गोलबाजार में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने जगाई स्वच्छता की अलख

**कटनी।** स्वच्छता में नगर निगम की रेटिंग कम हो जाने के बाद कलेक्टर एवं निगमायुक्त द्वारा स्वच्छता पर और विशेष ध्यान दिया जा रहा। अभियान में आमजनों को शामिल करने निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा। इसी कड़ी में गोलबाजार में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने लोगों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन नें बताया कि विगत दिवस आयोजित गतिविधियों के दौरान तिलक कॉलेज एवं गर्ल्स कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा सहभागिता करते हुए गुरूनानक वार्ड स्थित गोल बाजार रामलीला मैदान में शानदार नुक्कड नाटक का आयोजन किया जाकर स्वच्छता की अलख जगाई गई। उपस्थित जनों को नगर को साफ एवं स्वच्छ रखनें की शपथ दिलाई गई। छात्र-छात्राओं ने लोगों को गीला और सूखा कचरा कचरा गाड़ी में अलग-अलग स्थानों पर रखने की अपील की गई। अभियान के दौरान उपयंत्री विक्रांत ब्राम्हण, तिलक कॉलेज एन.एस.एस रूकमणी प्रताप सिंह जिला संगठन राष्ट्रीय सेवा योजन, वार्ड दरोगा सुशांत सिंह परिहार सहित सहयोगी संस्था के सदस्यों सहित स्थानीय जनों की उपस्थिति रही।

## नाम निर्देशन- पत्र के साथ जमा करनी होगी निक्षेप राशि

**कटनी।** त्रिस्तरीय पंचायत के विभिन्न पदों पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्यों के लिए नाम निर्देशन-पत्र भरने वाले अभ्यर्थी को निक्षेप राशि भी जमा करनी होगी। जिला पंचायत सदस्य के लिए जिला मुख्यालय, जनपद पंचायत सदस्य के लिए विकास खण्ड मुख्यालय और पंच तथा सरपंच पद के लिए विकासखण्ड मुख्यालय और क्लस्टर मुख्यालय पर नाम निर्देशन-पत्र लिये जायेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायतों को समूह-बद्ध कर क्लस्टर बनाया जायेगा। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री वी.एस. जामोद ने जानकारी दी है कि जिला पंचायत सदस्य के लिए 8 हजार, जनपद पंचायत सदस्य के लिए 4 हजार, सरपंच के लिए 2 हजार और पंच पद के लिए 400 रूपये की निक्षेप राशि जमा करनी होगी।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1
आवश्यकता, खरीदना–बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोनः– 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

# पहले चरण में होंगे 5 जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव

## बहोरीबंद व रीठी जनपद पंचायत प्रथम चरण में शामिल

कटनी। जिले में तीन चरणों में पंचायत निर्वाचन होने हैं, जिसमें प्रथम चरण में जिले की बहोरीबंद व रीठी जनपद पंचायत, द्वितीय चरण में बड़वारा व कटनी और तृतीय चरण में विजयराघवगढ़ व ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत में चुनाव होंगे। प्रथम चरण में बहोरीबंद व रीठी जनपद क्षेत्र में होने वाले चुनाव में जिला पंचायत सदस्य के पांच वार्डों के चुनाव होंगे, जिसमें बहोरीबंद के तीन व रीठी के दो वार्ड शामिल हैं। वहीं द्वितीय चरण के निर्वाचन में बड़वारा व कटनी के दो-दो जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन होंगे। तीसरे चरण में विजयराघवगढ़ के दो और ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत क्षेत्र के तीन वार्डों में जिला पंचायत सदस्य पद के निर्वाचन संपन्न कराए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में स्थानीय निर्वाचन को लेकर तैयारी जारी हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरूस्त कराई जा रही हैं तो अधिकारी, कर्मचारियों के निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण भी प्रारंभ हैं। जिले में शांतिपूर्ण मतदान हों, इसके लिए संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निर्धारण भी किया गया है और बदमाशों के खिलाफभी कार्रवाई की जा रही है।

### जनपद पंचायत सदस्यों के 121 वार्डों के लिए होंगे चुनाव

स्थानीय निर्वाचन में जनपद पंचायत के 121 वार्डों के लिए तीन चरण में निर्वाचन जिले में कराए जाएंगे। जिसमें से सर्वाधिक 24 जनपद सदस्यों का निर्वाचन बहोरीबंद जनपद पंचायत क्षेत्र में होगा। इसके अलावा रीठी जनपद के 15 वार्ड, बड़वारा के 21, कटनी के 16, विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत के 22 और ढीमरखेड़ा जनपद के 23 जनपद सदस्य वार्डों के लिए चुनाव तीन चरणों में कराए जाएंगे।

### प्रथम चरण में 135 ग्राम पंचायतों के सरपंचों का होगा चुनाव

पंचायत निर्वाचन के दौरान तीन चरणों में जिले की 407 ग्राम पंचायतों के सरपंच पदों के लिए चुनाव कराए जाएंगे। प्रथम चरण में बहोरीबंद की 79 व रीठी की 56 ग्राम पंचायतों के सरपंच चुने जाएंगे। वही द्वितीय चरण में बड़वारा की 66 व कटनी की 59 और तृतीय चरण में विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र की 74 ग्राम पंचायत व ढीमरखेड़ा की 73 ग्राम पंचायतों के चुनाव कराए जाएंगे।

### 4911 पंचों का होगा निर्वाचन

स्थानीय निर्वाचन में ग्राम पंचायत के पंच पदों के चुनाव भी होंगे। जिले की 407 ग्राम पंचायतों के 4911 पंचों का निर्वाचन तीन चरणों में होगा। जिसमें बहोरीबंद के 982, रीठी के 651, बड़वारा के 805, कटनी के 680, विजयराघवगढ़ के 863 और ढीमरखेड़ा के 930 पंचों के निर्वाचन की प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी होगी।

## पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के नाम निर्देशन पत्र तीन चरणों में लिये जायेंगे




त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन वर्ष 2021-22 मध्यप्रदेश पंचायत निर्वाचन 1995 के नियम 28, 29 के अंतर्गत कटनी जिले में पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के नाम निर्देशन पत्र तीन चरणों में लिये जायेंगे। जिसमें प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण के लिये 13 दिसम्बर 2021 से 20 दिसम्बर 2021 तक तथा तृतीय चरण के लिये 30 दिसम्बर 2021 से 06 जनवरी 2022 तक नाम निर्देशन पत्र लिये जाने तिथियों का निर्धारण किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करते हुये आदेश जारी किया है। जिसके तहत निर्देशित किया गया है कि समस्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा कर लिये जाने के पश्चात किसी स्थान व सीट के अन्य सभी अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र खरिज हो जाने के कारण एवं एक अभ्यर्थी शेष रहे जायें तो मध्यप्रदेश पंचायत नियम 1995 क नियम 36 के अंतर्गत प्रकरण के सम्पूर्ण अभिलेख सहित सक्षम अधिकारी के समस्त प्रस्तुत किये जायें। प्रकरण प्रस्तुत करने की समय सीमा संवीक्षा के अगले दिवस पूर्वान्ह 11 बजे तक निर्धारित की गई है। इसके साथ ही आदेश में पंचायत निर्वाचन पदों के अनुसार सुनवाई के लिये सक्षम अधिकारी भी नियुक्त किये गये हैं। जिसके तहत ग्राम पंचायत के पंच अथवा सरपंच पदों के लिये संबंधित अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सुनवाई के लिये सक्षम अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं जनपद पंचायत सदस्य के लिये कलेक्टर कटनी और जिला पंचायत सदस्य के लिये संभागीय आयुक्त जबलपुर सुनवाई के लिये सक्षम अधिकारी होंगे।

### नाम निर्देशन प्राप्त करने स्थल निर्धारित

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन वर्ष 2021-22 अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत सरपंच एवं पंच के सदस्यों के निर्वाचन के लिये नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने स्थलों का निर्धारण कर आदेश जारी किया है। इस संबंध में जारी आदेश के तहत नाम निर्देशन, संवीक्षा, प्रतीक आवंटन प्राप्त किये जाने के लिये स्थलों का निर्धारण किया गया है। निर्धारित स्थलों में प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये जा सकेंगे। आदेश के तहत जिला पंचायत के लिये नाम निर्देशन पत्र न्यायालय कलेक्टर कटनी में प्राप्त किये जायेंगे। इसी प्रकार जनपद पंचायत सदस्य निर्वाचन के लिये कटनी विकासखण्ड अंतर्गत न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी, विकासखण्ड बड़वारा के लिये न्यायालय तहसीलदार बड़वारा, रीठी विकासखण्ड के लिये न्यायालय तहसीलदार रीठी, बहोरीबंद विकासखण्ड के लिये न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ढीमरखेड़ा और विकासखण्ड विजयराघवगढ़ के लिये न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विजयराघवगढ़ में निर्धारित तिथियों व समय में नाम निर्देश पत्र प्राप्त किये जा सकेंगे।



# अर्धनग्न अवस्था में मिले युवती के शव की तीसरे दिन भी नहीं हो पाई शिनाख्त

## पुलिस कप्तान पहुंचे घटना स्थल, एफएसएल ने की जांच

**कटनी/बरही।** अर्धनग्न अवस्था में बरामद हुई अज्ञात युवती के शव की शिनाख्तगी तीसरे दिन भी नहीं हो पाई। बरही पुलिस इस गंभीर वारदात के कोई भी सुराग पाने के लिए दो दिन से परेशान है। बुधवार की दोपहर जिले के पुलिस कप्तान, एसडीओपी शिखा सोनी घटना स्थल पहुंचे, जहां पुलिस कप्तान ने बरही पुलिस को हर पहलुओं की पड़ताल बारीकी से करने निर्देशित किए। गौरतलब है कि मंगलवार की रात बरही के खन्ना.बंजारी स्टेशन आउटर में झाड़ियों में एक अज्ञात युवती का शव बरही पुलिस ने बरामद किया था। शव को देखकर प्रथम दृष्टया यह अनुमान लगाए गए कि युवती के साथ रेप के बाद उसकी हत्या की गई है। उधर एफएसएल की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

### कपड़े की पहचान के लिए दुकानों में जांच

बरही पुलिस अज्ञात युवती के शव की पहचान के लिए हर प्रयास में जुटी हुई है। बुधवार को दिनभर पुलिस कपड़ों की दुकानों में पहुंचकर अंदर वियर, दुपट्टा की पहचान करने में जुटी रही, तो वहीं नगर व बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालती रही कि कोई भी सुराग हाथ लग जाए कि युवती किसके साथ थी। उसकी हत्या किसने की, लेकिन पुलिस के सारे प्रयास अभी तक असफल है। इस बारे में बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची का कहना है पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है और हर एक पहलू की गंभीरता से पड़ताल की जा रही है, लेकिन अभी तक युवती की शिनाख्त नही हो पाई है, शिनाख्तगी होते ही रहस्य से पर्दा हटेगा।

# अवैध उत्खनन की जांच में दोषी पाए गए सरपंच-सचिव

## यश भारत की खबर के बाद नायब तहसीलदार ने की पूरे मामले की पड़ताल

यश भारत
खबर का असर


अवैध उत्खनन पर सरपंच-सचिव को नोटिस
मीडिया द्वारा संज्ञान में लाये जाने पर नायब तहसीलदार ने की कार्रवाई

**कटनी/रीठी।** रीठी जनपद क्षेत्र के अमगवां में नवीन पंचायत भवन के बाजू में किये जा रहे अवैध उत्खनन के मामले में नायब तहसीलदार ने मप्र भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 247-7 के तहत अवैध उत्खन्न प्रमाणित पाये जाने पर ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती बुंदियाबाई एवं सचिव सुरेश पटैल ग्राम पंचायत अमगवां पर शास्ति आरोपित करते हुए प्रकरण अग्रिम कार्यवाही के लिए अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष भेजा है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत अमगवां में नवीन पंचायत भवन के बाजू से ग्राम पंचायत द्वारा पिछले कई दिनों से पत्थर और मुरुम का उत्खनन कराया जा रहा था। उत्खनन कार्य के लिए खनिज अथवा राजस्व विभाग से किसी तरह की कोई अनुमति नहीं ली गई थी। अवैध उत्खनन कर निकाले जा रहे पत्थर और मुरुम का उपयोग पंचायत द्वारा कराये जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों में किया जा रहा था। चर्चा यह भी थी की उत्खनन कार्य में लगे मजदूरों को पंचायत सचिव द्वारा मनरेगा मद से मजदूरी का भुगतान किया जा रहा। अवैध उत्खनन की खबर यशभारत में प्रकाशित होने के बाद रीठी तहसीलदार विजय द्विवेदी के निर्देश पर नायब तहसीलदार राजेश पांडेय ने हल्का पटवारी के साथ मौके पर चल रहे उत्खनन कार्य का निरीक्षण किया और बिना अनुमति पत्थर तथा मुरुम का उत्खनन होना पाये जाने पर अमगवां पंचायत के सरपंच और सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी कर एक सप्ताह में जवाब मांगा था। इस मामले की जांच नायब तहसीलदार द्वारा की गई। जांच प्रतिवेदन में कहा गया कि सरपंच एवं सचिव ग्राम पंचायत अमगवां द्वारा ग्राम अमगवां स्थित भूमि खसराब नंबर 2706 रकवा 2.37 हेक्टेयर भूमि के अंश भाग 80.60 वर्गफुट भूमि में मुरूम एवं पत्थर का उत्खन्न किया गया है। जिसमे प्रकरण पंजीवद्ध करते हुए सरपंच-सचिव को तलब किया गया। उनके द्वारा लिखित जबाब पेश किया गया है कि ग्राम पंचायत अभगवां में नवीन पंचायत भवन के बाजू से सीसी रोड एवं नाली का निर्माण कार्य किया जा रहा था, जिसमें चार ट्राली मुरूम एवं दो ट्राली पत्थर का उपयोग शासकीय कार्य में किया गया है। पंचायत द्वारा किसी प्रकार से कोई अवैध उत्खन्न नहीं किया गया है। जो मुरूम एवं पत्थर निकाला गया है, वह शासकीय कार्य के उपयोग हेतु निकाला गया है। जानकारी के अभाव में अनुमति नहीं ली गई। हल्का पटवारी प्रतिवेदन एवं अनावेदकों द्वारा प्रस्तुत जबाब से ग्राम अमगवां में सरपंच व सचिव द्वारा अवैध उत्खन्न किया जाना पाया गया। जिस पर नायब तहसीलदार ने आरोप शास्ति करते हुए अग्रिम कार्यवाही के लिए एसडीएम के पास भेजा है।

### कार्यवाही के लिए एसडीएम के पास भेजा प्रतिवेदन

## प्रचार-प्रसार के संबंध में समन्वय समिति गठित

**कटनी।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह नोडल अधिकारी सेन्स स्थानीय निर्वाचन जगदीश चन्द्र गोमे ने मतदाता जागरुकता अभियान अंतर्गत गतिविधियों को सुचारु रुप से संचालन कराने के दृष्टिगत समन्वय समिति का गठन किया गया है। जिसमें नोडल अधिकारी सेन्स से समन्वय स्थापित कर आवश्यक सहयोग प्रदान करने अधिकारियों को नियुक्त किये गये हैं। इस संबंध में जारी आदेशानुसार प्राध्यापक शासकीय तिलक कॉलेज कटनी चित्रा प्रभात, महिला सशक्तिकरण अधिकारी वनश्री कुर्वेती, जिला खेल अधिकारी विजय भार और बीआरसी कटनी विवेक दुबे को नियुक्त किया गया है।

## पुलिस ने चंद घंटों में ढूंढ निकाली अपहरित किशोरी

**कटनी।** बाकल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरतरी से घर से बिना बताए गायब हो गई एक 17 वर्षीय किशोरी को पुलिस ने चंद घंटों के भीतर ढूंढ निकाला और परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इस संबंध में पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाकल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरतरी निवासी श्रीमति गायत्री चौधरी पति छोटेलाल चौधरी ने विगत 6 दिसंबर को थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि इसकी 17 वर्षीय सौतेली लड़की घर से बिना बताये कहीं चली गई है। जिसका आसपास पता किया गया लेकिन लड़की का कोई पता नहीं चला। रिपोर्ट पर बाकल पुलिस ने धारा 363 के तहत मामला दर्ज करते हुए पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन को मामले से अवगत कराया और आवश्यक दिशा निर्देश लेकर लड़की की पतासाजी शुरू कर दी। इस दौरान 7 दिसंबर को गुमशुदा लड़की मंदिर के पास ग्राम पिपरिया थाना बाकल से दस्तयाब किया गया। इस कार्यवाही में एसपी सुनील कुमार जैन, एएसपी मनोज केड़िया, एसडीओपी स्लीमनाबाद के दिशा निर्देशन में थाना प्रभारी अनिल काकड़े के नेतृत्व में प्रियंका तिवारी विशेष भूमिका रही।

## घर जाते समय रास्ता भटके बालक को पुलिस ने परिजनों से मिलाया



**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चाका से अचानक गायब हुए एक 5 वर्षीय बालक को डायल 100 के जवानों ने कुछ ही देर में पता लगाकर परिजनों के सुपुर्द किया। जानकारी के मुताबिक कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चाका से स्थानीय व्यक्ति ने डायल 100 एवं 112 नंबर पर कॉल कर सूचना दी एक 5 वर्षीय बच्चा गुम हो गया है। आसपास, पड़ोसी, रिश्तेदार सभी जगह खोजने पर भी नहीं मिल रहा है। पुलिस सहायता की आवश्यकता है। कॉलर ने 7 को डायल 100 एवं 112 राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल में सूचना दी। सूचना प्राप्ति पर तत्काल कटनी जिले की डायल 100-112 वाहन क्रमांक 5 को घटना का विवरण देकर मदद के लिए रवाना किया गया। डायल 100-112 एफआरव्ही में तैनात प्रधान आरक्षक राहुल कुमार और पायलट सुनील द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर परिजन से बच्चे का हुलिया, फोटो एवं अन्य जानकारी लेकर तलाश करने पर डेढ़ घंटे बाद बच्चा मिला। बच्चे को पहचान व सत्यापन उपरांत परिजन से मिलाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालक राघव सिंह पिता राजेश सिंह निवासी वार्ड नंबर 5 चाका पुरैनी से चाका घर आते समय रास्ता भटक गया था।

## संयुक्त चैकिंग से वाहन चालकों में हड़कंप

**कटनी।** शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कल बुधवार को आरटीओ श्रीमती रमा दुबे तथा यातायात प्रभारी विनोद दुबे द्वारा शहर के अलग-अलग स्थानों पर संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग की जानकारी लगते ही वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति दिखाई दी। चैकिंग अभियान के दौरान सम्पूर्ण दस्तावेज होने पर आरटीओ तथा यातायत प्रभारी ने वाहन चालकों को उपहार देकर सम्मानित भी किया।


यशभारत हैल्पलाइन अखबार की प्रति के लिए फोन करें- 230033













पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)